| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| ***1** | **24-9-2025** |
| ***2** | **24-9-2025** |
| ***3** | **30-9-2025** |
| ***4** | **7-11-2025** |
| ***5** | **12-12-2025** |
| ***6** | **12-12-2025** |
| ***7** | **12-12-2025** |
| ***8** | **13-12-2025** |

## अतारांकित प्रश्न

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| **1** | **13-10-2025** |
| **2** | **13-10-2025** |
| **3** | **11-11-2025** |
| **4** | **11-11-2025** |
| **5** | **11-11-2025** |
| **6** | **26-11-2025** |
| **7** | **26-11-2025** |

# नत्थी ‘क’

बुधवार, दिनांक 24 दिसम्बर, सन् 2025 ई0

---------

## तारांकित प्रश्न

**परिवहन विभाग में कार्मिकों की सेवानिवृत्ति एवं स्थायी नियुक्ति के सम्बन्ध में**

डा0 मान सिंह यादव
1

*1-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में परिवहन विभाग में दिनांक 01 जनवरी, 2025 से दिनांक 31 अगस्त, 2025 तक कितने कार्मिक सेवानिवृत्त हुए हैं और कितने पदों पर स्थायी नियुक्ति हुई है ?

(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

**जनपद वाराणसी, चन्दौली, गाजीपुर, जौनपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही और बलिया में पिछले पाँच वर्षों में सेवायोजन विभाग द्वारा रोजगार मेले के द्वारा युवाओं को रोजगार मिलने के सम्बन्ध में**

श्री आशुतोष सिन्हा
2

*2-(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे की जनपद वाराणसी, चन्दौली, गाजीपुर, जौनपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही और बलिया में पिछले पाँच वर्षों में सेवायोजन विभाग द्वारा कितने रोजगार मेले आयोजित किए गये ?

(ख) उक्त मेलों के माध्यम से वास्तविक रूप से कितने युवाओं को रोजगार मिला ?

(ग) उक्त शिकायतों की जाँच एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ?

श्रम एवं सेवायोजन मंत्री

**यू0पी0एस0एस0एस0सी0 के द्वारा आयोजित होने वाले पी0ई0टी0 के परीक्षा केन्द्र 400-500 किमी0 दूर बनाये जाने के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री लाल बिहारी यादव<br>3 | *3-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि छात्र/छात्राओं को सरकारी नौकरी देने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने से पूर्व आयोजित होने वाली परीक्षा यू0पी0एस0एस0एस0सी0 पी0ई0टी0 का परीक्षा केन्द्र 400-500 किमी0 दूर बनाने का क्या औचित्य है ?<br>(ख) क्या उक्त व्यवस्था से मध्य वर्गीय परिवारों के बच्चों को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित करना चाहते हैं ?<br>(ग) क्या प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्र/छात्राओं को यात्रा हेतु फ्री टिकट या यात्रा भत्ता की भी कोई व्यवस्था है ? | मुख्य मंत्री |

**धान की खरीद में जनपद मैनपुरी तथा तहसील-करहल की उपमण्डी में खरीद का सरकारी कांटे लगाये जाने के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री मुकुल यादव<br>4 | *4-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि इस वर्ष धान की खरीद जनपद मैनपुरी में हो रही है तथा तहसील-करहल की उपमण्डी में खरीद का सरकारी कांटा लगा हुआ है ?<br>(ख) यदि नहीं, तो क्यों ?<br>(ग) यदि हाँ, तो सरकार क्या व्यवस्था कर रही है ? | मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>5 | *5-[अन्तरित।] | |
| श्री मुकुल यादव<br>6 | *6-[अन्तरित।] | |

**वाराणसी, मिर्जापुर व आजमगढ़ मण्डल के अन्तर्गत परिवहन विभाग से संचालित नई बसों का नये रूटों पर संचालन के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>7 | *7-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि वाराणसी, मिर्जापुर व आजमगढ़ मण्डल के अन्तर्गत सम्बन्धित विभाग में दिनांक 01 जनवरी, 2025 से दिनांक 15 अक्टूबर, 2025 तक कितनी नई बसों को सम्मिलित कराया गया है और कितने नये रूटों पर बसों का संचालन किया गया है ?<br>(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

**जनपद-मैनपुरी के वरनाहल में परिवहन बस स्टैंड पर कर्मचारियों की तैनाती व बसों के ठहराव के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री मुकुल यादव<br>8 | *8-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-मैनपुरी के वरनाहल में परिवहन बस स्टैंड पर कितने कर्मचारी कार्यरत हैं व कितनी बसों का ठहराव होता है ?<br>(ख) यदि नहीं, तो क्यों ?<br>(ग) यदि ठहराव होता है, तो कितना ? | परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>1 | 1-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि दिनांक 14-12-2021 से लखनऊ के चारबाग स्टेशन से उपनगरीय परिवहन सेवा की एक बस प्रतिदिन सायंकाल उन्नाव-अचलगंज होते हुए बीघापुर तक चलाई गई थी ?<br>(ख) यदि हां, तो क्या विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2022 के प्रथम बुधवार को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्या-01 के उत्तर के क्रम में उक्त बस को बीघापुर तहसील मुख्यालय तकिया/पाटन तक दिनांक 16-04-2022 से करा दिया गया था ?<br>(ग) यदि हां, तो क्या वर्तमान में इस बस का संचालन स्वीकृत मार्ग पर न होकर बीघापुर से चन्दनपुर तक ही किया जा रहा है ?<br>(घ) यदि हां, तो किस अधिकारी के आदेश से और क्यों ?<br>(ङ) क्या पूर्व स्वीकृत मार्ग पर ही बस का संचालन करायेंगे ?<br>(च) यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव<br>2 | 2-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव में करदहा से लखनऊ तक परिवहन निगम की बसें न होने के कारण यात्रियों को डग्गामार वाहनों का उपयोग करना पड़ता है ?<br>(ख) क्या उक्त समस्या के निदान हेतु उक्त मार्ग पर बसों का संचालन करायेंगे ?<br>(ग) यदि हां, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>3 | 3-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड-सकरन मुख्यालय तक परिवहन की समुचित व्यवस्था न होने से जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं डग्गामार साधनों का उपयोग करना पड़ता है ? | परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के समाधान हेतु जनपद से ब्लाक मुख्यालय तक बसों का संचालन करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री पवन कुमार सिंह<br>4 | 4-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड-पहला मुख्यालय तक परिवहन की समुचित व्यवस्था न होने से जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं डग्गामार साधनों का उपयोग करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के समाधान हेतु जनपद से ब्लाक मुख्यालय तक बसों का संचालन करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन राज्य मंत्री<br>(स्वतंत्र प्रभार) |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>5 | 5-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड-मछरेहटा मुख्यालय तक परिवहन की समुचित व्यवस्था न होने से जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं डग्गामार साधनों का उपयोग करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के समाधान हेतु जनपद से ब्लाक मुख्यालय तक बसों का संचालन करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन राज्य मंत्री<br>(स्वतंत्र प्रभार) |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>6 | 6-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-खैराबाद में बस स्टेशन न होने से यात्रियों को रोड पर खड़े होकर वाहनों का इन्तजार करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु बस स्टेशन का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन राज्य मंत्री<br>(स्वतंत्र प्रभार) |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>7 | 7-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-रामपुर मथुरा से अयोध्या के लिए परिवहन निगम की बस का संचालन न होने के कारण तीर्थ यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) क्या उक्त समस्या के निदान हेतु उक्त मार्ग पर बस का संचालन करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन राज्य मंत्री<br>(स्वतंत्र प्रभार) |